मीडिया समन्वय कार्यालय

जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति 23 मार्च 2017

# जेएमआई में 22 अफ्रीकी देशों के पत्रकारों का सर्टिफिकेट कोर्स

जामिया मिल्लिया इस्लामिया में अफ्रीका के 22 देशों के पत्रकारों की दो सप्ताह की वर्कशाप कल संपन्न हो गई। इस महीने की 11 तारीख को शुरू हुई इस वर्कशाप के पूरा होने पर छात्रों को सर्टिफिकेट दिए गए। इसमें कुल 29 छात्रों ने हिस्सा लिया।

जेएमआई के मशहूर एजेके मास कम्युनिकेशन रिसर्च सेंटर :एमसीआरसीः और विदेश मंत्रालय ने मिलकर इस वर्कशाप का आयोजन किया था। समापन समारोह में छात्रों ने सुझाव दिया कि अफ्रीकी देशों के छात्रों के लिए एमसीआरसी में मास्टरर्स और पीएचडी डिग्री की भी व्यवस्था की जाए।

इस सुझाव का विदेश मंत्रालय में पश्चिम एशिया डिविजन के संयुक्त सचिव बी बाला भास्कर और एमसीआरसी के डायरेक्टर इफ्तेख़ार अहमद ने स्वागत किया। श्री भास्कर ने कहा कि भारत सरकार की ओर से अफ्रीकी देशों के छात्रों के लिए पहले से ही इस तरह के कार्स की पेशकश है और छात्रों को अपने अपने देशों के संबधित विभागों से इसकी जानकारी हासिल करनी चाहिए।

एमसीआरसी के डायरेक्टर इफ्तेख़ार अहमद ने कहा कि भारत और अफ्रीकी देशों के मुद्दों और संस्कृति में काफी समानता है। उन्होंने कहा कि जेएमआई

अफ्रीकी देशों के छात्रों के लिए हमेशा प्लेटफार्म उपलब्ध कराता रहेगा। अहमद ने कहा कि इन 10 दिनों के अल्पकाल के कोर्स में ही अफ्रीकी छात्रों ने जो कर दिखाया है वह क़ाबिले तारीफ़ है।

अहमद ने कहा कि जेएमआई–एमसीआरसी का अफ्रीकी देशों के छात्रों के साथ '' सहयोग का यह सिलसिला शुरूआत भर है अंत नहीं। ''

एमसीआरसी की प्रो सबीना किदवई ने बताया कि इस कोर्स के दौरान इन छात्रों ने एक समाचार मैगज़ीन निकाली और कई न्यूज़ वीडियो बनाए। इस कोर्स में प्रिंट और टीवी दोनों के छात्रों ने हिस्सा लिया। ये छात्र अपने अपने देशों में पत्रकारिता में पहले से ही सक्रिय हैं और अपने हुनर को और तराशने के लिए एमसीआरसी के इस कोर्स में हिस्सा लेने आए थे।

विदेश मंत्रालय में अफ्रीका डिविजन की निदेशक निलाक्षी साहा सिन्हा ने अफ्रीकी देशों के छात्रों के इस कोर्स को अमली जामा पहनाने के लिए जेएमआई और एमसीआरसी का धन्यवाद किया।

समापन समारोह में सुडानी दूतावास के उप प्रमुख उस्मान मुहम्मद अल रशीद ने पत्रकारिता से जुड़े इतने सारे अफ्रीकी देशों के पत्रकारों के पेशे को और ज़्यादा निखारने लिए भारत सरकार और जेएमआई का धन्यवाद किया।

**साईमा सईद**

**डिप्टी मीडिया कोऑर्डनैटर**

font: Kruti Dev 010